संगोष्ठी

किसानों को रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी होना चाहिए : कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके

# नई पद्धति से प्राकृतिक खेती करना स्वास्थ्य के लिए बेहतर






**मंडला 13 सितंबर नभाप्र.** जिले में जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरडी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में एक कृषक संगोष्ठी और कलेक्टर कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएचई मंत्री संपतिया उईके और मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से आए किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ।पीएचई मंत्री संपतिया उईके ने अपने संबोधन में कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान और इसके विकल्प के रूप में जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि जैविक खेती आसान और किफायती है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और स्वस्थ अनाज का उत्पादन होता है, जिसकी बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। पीएचई मंत्री संपतिया उईके ने श्रीअन्न (मोटे अनाज) जैसे कोदो-कुटकी के महत्व पर भी जोर दिया, क्योंकि यह कम पानी में भी अधिक पैदावार देते हैं। उन्होंने घोषणा की कि सरकार रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के तहत कोदो-कुटकी की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करेगी और इसके उत्पादकों को प्रति क्विंटल एक हजार रुपये का बोनस भी दिया जाएगा।

## 6250 किसानों का पंजीयन

डीडीए अश्विनी झारिया ने कृषक संगोष्ठी में बताया कि प्राकृतिक खेती योजना अंतर्गत जिले में 50 क्लस्टर का निर्माण किया गया है जिसमें 100 कृषक सखी भी बनाई गई है। प्राकृतिक खेती योजना अंतर्गत 6250 किसानो का पंजीयन किया गया है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि समिति के सभापति भूपेन्द्र वडकड़े, जिला पंचायत शैलेश मिश्रा ने भी जैविक एवं प्राकृतिक के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में रानू राजपूत, हरिसिंह पंद्रे, विनोद चौरसिया, ललित लोधी, राकेश पटेल, उमेश शुक्ला, लालजू मर्सकोले सहित अन्य जनप्रतिनिधी और कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, कृषि सखी एवं जिले के प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

## जेविक खेती को बढ़ावा देने सरकार हर संभव सहायता के लिए तैयार

मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह योजना मिलेट्स उत्पादक किसानों के लिए वरदान साबित होगी।




उन्होंने कहा कि सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने किसानों को खेत-तालाब योजना और गौपालन के माध्यम से आय बढ़ाने के तरीके भी सुझाए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि मंडला की जलवायु मिलेट्स के उत्पादन के लिए सबसे उपयुक्त है और इसे मिलेट्स के ब्रांड के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों से नरवाई न जलाने की अपील की और नरवाई प्रबंधन की नई तकनीकों का उपयोग करने को कहा।



## पूर्वज करते थे प्राकृतिक खेती

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि आज कृषि योग्य भूमि कम हो रही है इसलिए जरूरी है कि हम प्राकृतिक कृषि के साथ खेती की नवीन तकनीकी को अपनाएं। इसके लिए हमें मछली पालन, कुक्कुट पालन और गौपालन को कृषि के साथ जोड़कर देखने की आवश्यकता है। कृषि में मल्टीलेयर क्रापिंग जैसी पद्धतियों का उपयोग बेहतर विकल्प हो सकता है। प्राकृतिक कृषि में लागत को कम करके किसान अपनी आमदनी को कई गुना बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि इस तरह की संगोष्ठी का आयोजन सराहनीय कदम है। कृषक संवाद के ऐसे कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं को भी साझा करना आवश्यक है अन्यथा इनका आयोजन अधूरा रहता है। संगोष्ठी में अपने अनुभव साझा करते निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े ने कहा कि हमारे पूर्वज पहले प्राकृतिक खेती ही किया करते थे हल-बैल से खेती होती थी। वर्तमान परिवेश में खेती के तौर तरीकों में बदलाव आया है। हमें नई पद्धति से प्राकृतिक खेती करनी होगी। जिससे हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर होगा और भूमि की उर्वरता भी बनी रहेगी।



# गौचर भूमि पर अतिक्रमण, भटक रहे मवेशी

### सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

**नैनपुर 13 सितंबर नभाप्र.** नैनपुर में मवेशियों के चारागाह भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण मवेशियों का ठिकाना छिन गया है, जिससे वे सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। तेजी से बढ़ती आबादी और अतिक्रमण की प्रवृत्ति के कारण गाँव और शहरों में गौठानों के लिए छोड़ी गई हजारों एकड़ जमीन या तो गायब हो गई है, या उस पर मकान और फसलें उग आई हैं। बताया गया कि गौठानों के लापता होने से मूक पशु सड़कों पर मारे-मारे फिर रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इन दुर्घटनाओं में मवेशी खुद भी घायल हो रहे हैं। मंडला एक कृषि प्रधान और पशुपालक जिला है, जहाँ बड़ी संख्या में मवेशी हैं, ऐसे में उनके लिए गौचर भूमि का होना अत्यंत आवश्यक है। गाय, भैंस और बकरी जैसे दुधारू पशुओं के विचरण के लिए छोड़ी गई जमीनों पर हुए अतिक्रमण से पशुपालक भी परेशान हैं। शासन की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जों के कारण गौचर भूमि अब केवल कागजों में ही रह गई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

## शिक्षक घनश्याम चौकसे का निधन, हृदय गति रुकने से हुआ देहांत

**निवास 13 सितंबर नभाप्र.** निवास विकासखंड के एकीकृत माध्यमिक शाला कोहका में पदस्थ शिक्षक घनश्याम चौकसे का शनिवार को अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। उनके आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी अनुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे शिक्षक चौकसे की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत एक निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास लाया गया। हालाँकि वहाँ मौजूद चिकित्सकों ने जाँच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया था। बताया गया कि शिक्षक घनश्याम चौकसे मिलनसार व समाजसेवी स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की खबर से उनके सहकर्मियों और छात्रों के बीच गहरा दु:ख व्याप्त है।

# साधारण परिवार की बेटी एलिसा बनीं वाणिज्य कर निरीक्षक

### स्व-अध्ययन से पाई सफलता, पीएससी परीक्षा में हासिल किए 830 अंक

**मंडला 13 सितंबर नभाप्र.** आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला की होनहार बेटी एलिसा सिंगौर ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर वाणिज्य कर निरीक्षक का पद प्राप्त किया है। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाली एलिसा सिंगौर ने कुल 830 अंक हासिल कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले और समाज का मान बढ़ाया है। बताया गया कि एलिसा सिंगौर बम्हनी बंजर के ग्राम सकवाह कला की रहने वाली हैं। उनके



पिता राकेश सिंगौर भारतीय डाक विभाग बीजाडांडी उप डाकघर पर उप डाकपाल के पद पर कार्यरत हैं और माता सविता सिंगौर एक कुशल गृहिणी हैं। एलिसा ने अपनी कक्षा 12 तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय से पूरी की और तभी से प्रशासनिक सेवा में जाने का संकल्प लिया था। एलिसा की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने बिना किसी कोचिंग संस्थान की मदद के केवल अपने स्व-अध्ययन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। बताया गया कि एलिसा ने मुख्य परीक्षा में 738 अंक प्राप्त किए, जबकि इंटरव्यू में उन्हें 92 अंक मिले। उनका नाम मेरिट सूची में 67 वें नंबर पर है। बताया गया कि यदि एलिसा को अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण का लाभ मिलता, तो वे और भी बेहतर पद प्राप्त कर सकती थीं, फिर भी उनका सामान्य श्रेणी में चयन होना उनकी मेहनत और प्रतिभा को के बलबूते हो पाया है। एलिसा की इस सफलता ने पूरे समाज और नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्रोत का काम किया है। उनका लक्ष्य अभी और ऊँचा है और वे भविष्य में और भी बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से तैयारी कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार, रिश्तेदारों, शिक्षकों और शुभचिंतकों की ओर से लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

# मंडला की बेटी मोना बनी डीएसपी, प्रदेश में हासिल की 9वीं रैंक

### बढ़ाया जिले का मान, बधाई देने वालों का लगा तांता

**मंडला/निवास 13 सितंबर नभाप्र.** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मंडला जिले की मोना मिश्रा ने शानदार सफलता हासिल की है। निवास तहसील के बिसोरा गाँव की रहने वाली मोना का चयन उप पुलिस अधीक्षक के पद के लिए हुआ है। उन्होंने प्रदेश स्तर पर 9वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार को बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। बताया गया कि मोना की प्रारंभिक शिक्षा गाँव के ही सरस्वती शिशु मंदिर में हुई, जिसके बाद उन्होंने निवास के कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय से हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी की।



जानकारी अनुसार मोना ने वर्ष 2016 में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं में गणित संकाय में लगभग 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने जबलपुर के होम साइंस कॉलेज से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की, जिसमें उन्होंने गणित में भी पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। बताया गया कि मोना की इस इस सफलता का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह है कि मोना ने बिना किसी कोचिंग संस्थान की मदद के केवल स्व-अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। एक साधारण ग्रामीण परिवेश से आने वाली मोना की इस उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा दी है।

बताया गया कि मोना के पिता अनिल मिश्रा एक सरकारी स्कूल में अध्यापक हैं, जबकि उनकी माँ मंजुलता मिश्रा जनपद सदस्य हैं। मोना के डीएसपी बनने की खबर सुनते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा। अपनी बेटी की इस सफलता से परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं है, और वे एक-दूसरे का मुँह मीठा कराकर जश्न मना रहे हैं। मोना के पिता ने उनकी सफलता का श्रेय उनके शिक्षकों और शुभचिंतकों को दिया है। बताया गया कि मोना फिलहाल इंदौर में है, सोमवार को अपने गृह ग्राम बिसोरा लौटेंगी, जहाँ उनके जोरदार स्वागत की तैयारी की जा रही है। उनकी सफलता पूरे मंडला जिले के लिए गौरव का विषय बन गई है।

# लोक अदालत बना वरदान, बिछड़े दंपति मिले, 5 लाख का हुआ वित्तीय लाभ

### भुआ बिछिया की लोक अदालत में 21 मामलों का निपटारा, 53 पक्षकारों को मिला न्याय

**भुआबिछिया 13 सितंबर नभाप्र.** सिविल न्यायालय भुआ बिछिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में राजीनामा योग्य कुल 23 लंबित प्रकरण रखे गए, जिनमें से 21 सिविल और दांडिक मामलों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इससे कुल 53 पक्षकारों को न्याय मिला और उन्हें वर्षों से चल रहे मुकदमों से मुक्ति मिली। लोक अदालत का शुभारंभ न्यायाधीश मीनल गजबीर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्री-लिटिगेशन के अंतर्गत तहसील बिछिया से संबंधित बैंकों और नगर परिषद के प्रकरणों का भी निपटारा किया गया। इन मामलों के निराकरण से शासन को 4 लाख 99 हजार 978 की राशि का वित्तीय लाभ हुआ। लोक अदालत में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विजय चौरसिया, सचिव पीयूष पांडेय, जेपीएन मिश्रा, संदीप पटेल, दिलीप कोर्वे, नीलेश गिरी, राजा ठाकुर, विनय यादव, नंदलाल झारिया, गणेश पटेल, थानेश्वर तेकाम, योगेश तेकाम सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## दंपत्ति के लिए वरदान साबित हुई लोक अदालत

नेशनल लोक अदालत में एक ऐसा मामला भी सामने आया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। एक वर्ष पूर्व कलावती ने अपने पति सुरेश से मनमुटाव के चलते भरण-पोषण का मामला दायर किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनल गजबीर और दोनों पक्षकारों के अधिवक्ताओं की समझाइश के बाद पति-पत्नी ने अपने मतभेद भुलाकर राजीनामा किया और खुशी-खुशी अपने घर चले गए। इस दौरान न्यायाधीश गजबीर ने दंपत्ति को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एक पौधा भी भेंट किया।



# नगर पालिका के लंबित प्रकरणों का हुआ निपटारा

### नैनपुर में 55 प्रकरणों का निराकरण, 7.90 लाख रुपये की वसूली

**नैनपुर 13 सितंबर नभाप्र.** नैनपुर न्यायालय परिसर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रीलिटिगेशन के 478 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 55 मामलों का निपटारा करते हुए नगर पालिका ने लक्ष्य के विरुद्ध 7 लाख 90 हजार 297 लाख रुपये की बकाया राशि वसूल की।



लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में चतुर्थ जिला न्यायाधीश विवेकानंद त्रिवेदी और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आदिल अहमद खान उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, राजस्व उप निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल, सुनील तिवारी अध्यक्ष, तहसील अधिवक्ता संघ, नैनपुर सहित नगरपालिका के कर्मचारी और पक्षकार भी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने अभिनय के माध्यम से उमंग के महत्व को समझा

हायर सेकेंडरी स्कूल बबलिया में उमंग कार्यक्रम का आयोजन

**बबलिया 13 सितंबर नभाप्र.** उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस दिवस हायर सेकेंडरी स्कूल बबलिया में मनाया गया। उमंग है तो जीवन में रंग की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और शिक्षकों में उत्साह देखा गया। विद्यालय के प्राचार्य डीके सिंगौर ने बच्चों को अपने उद्बोधन से बताया कि उमंग से भरा व्यक्ति तनाव, चिंता और अवसाद से बेहतर तरीके से निपट सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक डीके सिंगौर ने छात्रों से कहा कि उमंग जीवन को जीवंत और आनंदमय बनाता है। यह वह आंतरिक शक्ति है जो छोटी-छोटी चीजों में खुशी ढूंढने और हर पल को जीने की कला सिखाता है। उन्होंने बिना कोई पूर्व



भूमिका के शिक्षकों और विद्यार्थियों से उमंग और उत्साह से भरे व्यक्ति और जिस व्यक्ति के अंदर उमंग न हो दोनों प्रकार के व्यक्ति की भाव भंगिमा का अभिनय करने को कहा। जिस पर शिक्षकों और बच्चों ने भी शानदार अभिनय करके उमंग के महत्व को समझने का न केवल सफल प्रयास किया बल्कि पूरा विद्यालय आनंदमय हो गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के प्रभारी दिलीप मरावी और प्रतिभा मार्को ने बालक और बालिकाओं की अलग अलग खो - खो प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन भी कराया और बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में माहौल उमंग से भरा रहा। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की जमकर सराहना भी की।

# फलों से सजा हनुमान दरबार, महाआरती के बाद वितरित हुआ प्रसाद



श्री सूर्यकुण्ड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति द्वारा फल महोत्सव आयोजित

कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके हुई शामिल

**मंडला 13 सितंबर नभाप्र.** जिला मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर माँ नर्मदा के तट पर स्थित सूर्यकुंड धाम में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्री सूर्यकुण्ड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति द्वारा फल महोत्सव मनाया जाएगा। बताया गया कि यहा विराजमान बजरंगबली दिन में तीन रूप बदलते है। यहां दूर-दूर से भक्त इनके दर्शन के लिए आते है। शनिवार को फल महोत्सव के अंतर्गत श्री हनुमान जी को फलों का चढ़ावा अर्पित किया गया। इस दौरान हनुमान जी की पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके भी शामिल हुई। श्री सूर्यकुण्ड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति द्वारा आयोजित फल महोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। सूर्यकुण्ड के हनुमान जी महाराज को भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के फलों का चढ़ावा चढ़ाया गया। पूरे हनुमान मंदिर को फलों से सजाया गया। बताया गया कि इस फल महोत्सव में दोपहर को कैबिनेट मंत्री सपंतिया उइके भी शामिल होकर हनुमान जी को फल अर्पित की। इसके बाद शाम 07 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें भी बड़ी संख्या में भक्त और कैबिनेट मंत्री शामिल हुई। महाआरती के बाद कैबिनेट मंत्री सपंतिया उइके द्वारा भक्तों को फलों का प्रसाद वितरित किया गया।




शिविर

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 से होगा शुरू, 2 अक्टूबर तक चलेंगे स्वास्थ्य शिविर

# स्वास्थ्य शिविर में एनीमिया और कैंसर सहित कई बीमारियों की होगी जांच

**मंडला 13 सितंबर नभाप्र.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीजे मोहंती की अध्यक्षता में 13 सितंबर को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम एवं शहरी नोडल अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ मोहंती ने बताया कि 17 सितंबर को जिला मुख्यालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान केन्द्र, आरोग्य मंदिर एवं एसडब्ल्यूसी पर एक साथ अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित





होंगे। वहीं आयुष्मान केन्द्रों पर यह अभियान निरंतर 2 अक्टूबर तक चलेगा। शिविरों में स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण संबंधी सलाह, आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड निर्माण जैसी सेवाएं दी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि शिविरों में महिलाओं एवं किशोरियों की एनीमिया, पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, हाईपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और सिकल सेल रोग की जांच कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास तथा वन विभाग का भी सहयोग रहेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के कार्यक्रम, वहीं वन विभाग द्वारा पौधरोपण किया जाएगा। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया पर लगातार तस्वीरें और सफलता की कहानियां साझा की जाएंगी।

बैठक में उपस्थित जिला बीजेपी अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। मिश्रा ने आश्वस्त किया कि जिले के सभी प्रतिनिधि इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे तथा किसी भी समस्या का समाधान जिला स्तर पर त्वरित किया जाएगा। बैठक में बीजेपी मंडल अध्यक्ष बिछिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, सिविल सर्जन, शहरी नोडल अधिकारी, डीपीएचएनओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्यूनिटी मोबिलाइजर, डब्ल्यूएचओ की आईएफएम अधिकारी, आरबीएसके जिला समन्वयक सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।